राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने किए श्री मुसा माता के दर्शन

सबके मंगल की कामना की

जयपुर/अजमेर, 03 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरूवार को खातौली किशनगढ़ स्थित श्री मुसा माता धाम के दर्शन कर सभी के मंगल की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान देव धर्म को मानने वाले लोगों की संस्कृति का राज्य है। दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार अलग-अलग फूलों को माला के रूप में गूंथने वाले धागे का नाम हिन्दु है। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान शूरवीरों का प्रदेश है। देश पर आक्रांता लूट के लिए नहीं आए थे। उनका उद्देश्य देवधर्म संस्कृति को नष्ट करने का था। इसके लिए हजारों वर्षों तक प्रयास किए। आमजन की श्रद्धा को कम करने के लिए देव मंदिर तोडे गए। विश्व की कई संस्कृतियां इस कारण नष्ट हुई। भारत की सनातन संस्कृति अब भी विद्यमान है। धर्म परिवर्तन के लिए भी विवश किया गया।

श्री मूसा माता चैरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री काशीनाथ दरक तथा सचिव श्री रमेश दरक ने ट्रस्ट तथा मंदिर की गतिविधियों के बारे में अपनी बात रखी।